# 5. अक्षांश व देशान्तर

1. भूमध्य रेखा से उत्तर या दक्षिण किसी दिये गये स्थान की कोणीय दूरी क्या कहलाती है ?
(a) प्रधान देशान्तर (b) देशान्तर
(c) अक्षांश (d) इनमें से कोई नहीं

2. निम्नलिखित में से कौन-सा वृहत वृत्त (Great Circle) का उदाहरण है ?
(a) कर्क रेखा (b) मकर रेखा
(c) भूमध्य रेखा (d) आर्कटिक रेखा

3. ट्रॉपिक ऑफ कैंसर (Tropic of Cancer) निम्न में से क्या है ?
(a) एक प्रकार की रक्त सम्बन्धी बीमारी
(b) कैंसर की रोकथाम का एक वैज्ञानिक उपकरण
(c) $23\frac{1}{2}^\circ$ उत्तरी अक्षांश रेखा (d) $23\frac{1}{2}^\circ$ दक्षिणी अक्षांश रेखा

4. ध्रुवों की तरफ जाने पर अक्षांश रेखाओं के व्यास की प्रकृति कैसी होती है ?
(a) यह स्थिर रहता है। (b) यह घटता है।
(c) यह बढ़ता है। (d) पहले घटता है पुनः बढ़ता है।

5. **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए—

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भूमध्य रेखा | 1. $66\frac{1}{2}^\circ$ दक्षिण |
| B. कर्क रेखा | 2. $66\frac{1}{2}^\circ$ उत्तर |
| C. मकर रेखा | 3. $0^\circ$ |
| D. आर्कटिक वृत्त | 4. $23\frac{1}{2}^\circ$ उत्तर |
| E. अंटार्कटिक वृत्त | 5. $23\frac{1}{2}^\circ$ दक्षिण |

| कूट : | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 |

6. धरातल पर $1^\circ$ अक्षांश की दूरी निम्न में से किसके बराबर होती है ?
(a) 11 किमी० (b) 111 किमी० (c) 21 किमी० (d) 121 किमी०

7. भूमध्य रेखा के अतिरिक्त कौन-सी अक्षांश रेखा पृथ्वी को दो बराबर भागों में विभाजित करती है ?
(a) $23\frac{1}{2}^\circ$N (b) $23\frac{1}{2}^\circ$S
(c) $66\frac{1}{2}^\circ$N एवं $66\frac{1}{2}^\circ$S (d) कोई भी अक्षांश नहीं

8. मकर रेखा अथवा $23\frac{1}{2}^\circ$ दक्षिणी अक्षांश वृत्त निम्नलिखित में से कहाँ से होकर गुजरती है ?
(a) जिम्बाब्वे (b) मालागासी (c) भारत (d) ग्रीनलैंड

9. वह काल्पनिक रेखा जो पृथ्वी को दो भागों में बाँटती है, क्या कहलाती है ?
(a) भूमध्य रेखा (b) कर्क रेखा
(c) मकर रेखा (d) इनमें से कोई नहीं

10. अक्षांश भूपृष्ठ पर भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण एक बिन्दु की कोणीय दूरी है, जो—
(a) पृथ्वी के केन्द्र से मापी जाती है
(b) भूमध्य रेखा से मापी जाती है
(c) कर्क रेखा या मकर रेखा से मापी जाती है
(d) ध्रुवों से मापी जाती है

11. दोनों ध्रुवों को जोड़ने वाली वह काल्पनिक रेखा जो भूमध्य रेखा को समकोण पर प्रतिच्छेद करती है, क्या कहलाती है ?
(a) मध्याह्न (b) देशान्तर (c) अक्षांश (d) इनमें से कोई नहीं

12. दो देशान्तर रेखाओं के बीच की दूरी निम्न में से किस नाम से जानी जाती है ?
(a) बेल्ट (b) गोरे (c) काले (d) समय पेटी

13. एक देशान्तर से दूसरे देशान्तर के बीच कितना समयान्तराल होता है ?
(a) 4 मिनट (b) 1 घण्टा (c) 15 मिनट (d) 12 घण्टा

14. वह अक्षांश रेखा जिस पर सदैव दिन व रात की अवधि समान रहती है, है—
(a) भूमध्य रेखा (b) कर्क रेखा
(c) मकर रेखा (d) हिंज रेखा

15. पृथ्वी पर सबसे उच्चतम तापक्रम रिकार्ड किये जाते हैं—
(a) भूमध्य रेखा पर (b) $10^\circ$ उत्तरी अक्षांश पर
(c) $20^\circ$ उत्तरी अक्षांश पर (d) $25^\circ$ उत्तरी अक्षांश पर

16. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(a) देशान्तर रेखाओं की कुल संख्या 180 है।
(b) किसी भी स्थान की ग्रीनविच रेखा से कोणीय दूरी को उस स्थान का देशान्तर कहा जाता है।
(c) देशान्तर रेखाओं के बीच की दूरी विषुवत रेखा पर अधिकतम एवं ध्रुवों पर शून्य होती है।
(d) विषुवत रेखा पर देशान्तर रेखाओं के बीच की दूरी 111·3 किमी० होती है।

17. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(a) विषुवत रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर अक्षांश रेखाओं के बीच की दूरी में आंशिक रूप से वृद्धि होती है।
(b) किसी भी स्थान की प्रधान याम्योत्तर से कोणीय दूरी को उस स्थान का अक्षांश कहा जाता है।
(c) विषुवत रेखा एक वृहत् वृत्त है।
(d) सभी देशान्तर रेखाएँ वृहत् वृत्त हैं।

18. दो अक्षांश रेखाओं के बीच की दूरी लगभग होती है—
(a) 111 मील (b) 121 मील
(c) 111 किमी० (d) 121 किमी०

19. $1^\circ$ देशान्तर की सर्वाधिक दूरी कहाँ पर होगी ?
(a) कर्क रेखा पर (b) मकर रेखा पर
(c) विषुवत रेखा पर (d) इनमें से कोई नहीं

20. कुल अक्षांशों की संख्या कितनी है ?
(a) 66 (b) 90 (c) 180 (d) 360

21. देशान्तरों की संख्या कितनी है ?
(a) 24 (b) 90 (c) 180 (d) 360

22. विषुवत रेखा के समानान्तर कल्पित रेखाएँ क्या कहलाती हैं ?
(a) अक्षांश रेखाएँ (b) देशान्तर रेखाएँ
(c) ग्रीनविच रेखा (d) मध्याह्न रेखाएँ

23. पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव एवं दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली रेखा क्या कहलाती है ?
(a) अक्षांश रेखा (b) देशान्तर रेखा
(c) अन्तर्राष्ट्रीय रेखा (d) मिलन रेखा

24. प्रधान मध्याह्न रेखा किस स्थान से होकर गुजरती है ?
(a) ग्रीनविच (b) सिडनी (c) ग्रीनलैंड (d) इलाहाबाद

25. ग्रीनविच रेखा से तात्पर्य है—
(a) 0° अक्षांश (b) 0° देशान्तर
(c) 180° पूर्वी देशान्तर (d) 180° पश्चिमी देशान्तर

26. मकर रेखा निम्न में से किस देश से होकर नहीं जाती है ?
(a) द० अफ्रीका (b) अर्जेण्टीना (c) चिली (d) फिलीपीन्स

27. पृथ्वी एक घण्टे में कितना देशान्तर घूम लेती है ?
(a) 12° (b) 15° (c) 18° (d) 20°

28. दक्षिणी ध्रुव का अक्षांश है—
(a) 70° (b) 80° (c) 90° (d) 100°
*[RRB 2003]*

29. निम्नलिखित में से किन देशों के समूह से भूमध्य रेखा गुजरती है ?
(a) ब्राजील, जाम्बिया तथा मलेशिया
(b) कोलम्बिया, केन्या तथा इण्डोनेशिया
(c) ब्राजील, सूडान तथा मलेशिया
(d) वेनेजुएला, इथोपिया तथा इण्डोनेशिया *[SSC 2011]*

30. निम्न में से किसका मिलान गलत किया गया है ?
1. कर्क रेखा – $23\frac{1°}{2}$ उत्तरी अक्षांश
2. मकर रेखा – $66\frac{1°}{2}$ उत्तरी अक्षांश
3. अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा – 0° रेखांश
4. दक्षिणी ध्रुव वृत्त – $66\frac{1°}{2}$ दक्षिणी अक्षांश

कूट :
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) इनमें से कोई नहीं *[SSC 2012]*

31. देशांतरीय दूरी एक घण्टे के समयान्तराल के बराबर होती है—
(a) 15 डिग्री (b) 30 डिग्री (c) 45 डिग्री (d) 60 डिग्री
*[MPPSC 2009]*

32. कर्क रेखा कहां से नहीं गुजरती है ?
(a) म्यांमार (b) नेपाल (c) बांग्लादेश (d) चीन
*[SSC 2013]*

33. उत्तरी गोलार्द्ध में भू-धरातल अधिकतम है—
(a) 30° N — 40° N (b) 50°N — 60° N
(c) 40° N — 50° N (d) 60° N — 70° N

34. मानचित्र पर स्थित अक्षांश एवं देशान्तर रेखाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?
(a) दोनों समानान्तर रेखाएँ हैं।
(b) दोनों एक-दूसरे को लम्बवत काटती हैं।
(c) दोनों ध्रुवों पर मिलती हैं। (d) दोनों भूमध्य रेखा पर मिलती हैं।

35. यहाँ पर दिन तथा रात एक समान होते हैं—
(a) प्रमुख याम्योत्तर (b) अंटार्कटिका
(c) भूमध्य रेखा (d) ध्रुव *[SSC 2015]*

36. निम्नलिखित नगरों में से कौन-सा एक भूमध्य रेखा के सर्वाधिक निकट है ?
(a) कोलम्बो (b) जकार्ता (c) मनीला (d) सिंगापुर
*[IAS 2008]*

37. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए—
1. आस्ट्रेलिया 2. नामीबिया 3. ब्राजील 4. चिली
उपरोक्त में से किन-किन से होकर मकर रेखा गुजरती है ?
(a) केवल 1 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4 *[IAS 2009]*

38. भूमध्य रेखा निम्नलिखित में से किस देश से होकर नहीं गुजरती है ?
(a) कीनिया (b) मेक्सिको (c) इण्डोनेशिया (d) ब्राजील
*[UPPCS 2012]*

39. मानचित्र व ग्लोब पर पाई जानेवाली प्रतिच्छेद रेखाओं को क्या कहते हैं ?
(a) अक्षांश (b) देशांतर
(c) भौगोलिक रेखाजाल (d) इनमें से कोई नहीं *[IB 2015]*

40. 49° N अक्षांश किस-किस के बीच सीमांकन करता है ?
(a) उत्तरी और दक्षिणी कोरिया (b) उत्तरी और दक्षिणी वियतनाम
(c) मिस्र और सूडान (d) अमेरिका और कनाडा
*[SSC 2015]*

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (c) | 4. (b) | 5. (b) | 6. (b) | 7. (d) | 8. (b) | 9. (a) | 10. (b) | 11. (b) | 12. (b) | 13. (a) |
| 14. (a) | 15. (a) | 16. (a) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (c) | 21. (d) | 22. (a) | 23. (b) | 24. (a) | 25. (b) | 26. (d) |
| 27. (b) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (b) | 31. (a) | 32. (b) | 33. (a) | 34. (b) | 35. (c) | 36. (d) | 37. (d) | 38. (b) | 39. (c) |
| 40. (d) | | | | | | | | | | | | |